दिन– बुधवार दिनांक– 21 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. उच्चतम न्यायालय के एससी एसटी आरक्षण में कोटा के फैसले के विरोध में बंद का राज्य में मिला–जुला असर दिखा। केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा–विरोध करने वाले लोग स्वार्थी है।

02. राज्यसभा उपचुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार मनन कुमार मिश्रा और उपेन्द्र कुशवाहा ने नामांकन पत्र भरा। दोनों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय।

03. मुंगेर पुलिस ने हथियार तस्कर गिरोह का किया उदभेदन। एक महिला समेत ग्यारह अपराधी गिरफ्तार।

04. और, गंगा, सोन, गंडक समेत विभिन्न नदियों के बढ़ते जलस्तर से तटबंधों पर दबाव बढ़ा। भागलपुर के इस्माईलपुर के बिंदटोली बांध टूटने से प्रभावित लोगों के लिए राहत कार्य जारी।

---

सर्वोच्च न्यायालय के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर हाल के फैसले के विरोध में रिजर्वेशन बचाओ संघर्ष समिति द्वारा बुलाए गए भारत बंद का आज राज्य में मिला–जुला असर देखा गया। बंद समर्थकों ने हाजीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद और कई अन्य स्टेशनों के रेलवे ट्रैक पर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे ट्रेन परिचालन प्रभावित हुआ। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बंद समर्थकों द्वारा विरोध मार्च और सड़क अवरोध के कारण यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इधर, पटना के डाक बंग्ला चौराहे पर पुलिस ने बंद समर्थको को रोका जिसके बाद प्रदर्शनकारी उग्र हो गये। हिंसक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। राज्य के अलग–अलग हिस्सों से भी प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पों की खबर मिली है। इधर, बंद के आवाह्न के मद्देनजर पटना में कई निजी स्कूलों में एहतेयात के तौर पर स्कूल बंद रखा। वहीं, सरकारी स्कूल, शैक्षणिक संस्थान, बैंक और अन्य प्रतिष्ठान सामान्य दिनों की तरह खुले रहे।

---

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे लोग स्वार्थी है।

श्री मांझी ने न्यायालय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आरक्षण में वर्गीकरण के निर्णय से वंचित लोगों तक लाभ पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य की दो राज्यसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए एनडीए के दोनों उम्मीदवारों ने नामांकन के आखिरी दिन आज अपना नामांकन दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी के मनन कुमार मिश्रा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्मंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। अभी तक किसी और प्रत्याशी के नामांकन भरने की सूचना नही है। कल नामांकन पत्रों की जाँच होगी जबकि सत्ताईस अगस्त तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते है। अगर आवश्यक हुआ तो तीन सितम्बर को मतदान होगा और उसी दिन मतों की गिनती की जायेगी।

———————————————————————————

उपेन्द्र कुशवाहा ने नामांकन भरने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा हुए दावा किया की दो हजार पचीस में बिहार में एनडीए की सरकार बनना तय है।

———बाईट———

वहीं, भाजपा उम्मीदवार मनन कुमार मिश्रा ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया। श्री मिश्रा ने कहा कि वे पार्टी को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि केन्द्र सरकार किसानों की आर्थिक प्रगति के लिए कृत संकल्पित है। श्री ठाकुर समस्तीपुर के मोरदीवा में मौसम यंत्र के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने के लिए पायलट परियोजना के तहत कार्य किया जा रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य सरकार ने पटना जिले के सदर अंचल को चार भागों में बांटने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में पटना सदर अंचल को पटना सिटी, पाटलिपुत्र, दीदारगंज और सदर अंचल में बांटने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। कैबिनेट ने एक अन्य बड़े फैसले में मोटर वाहन नियमावली मे संशोधन को मंजूरी देते हुए मोटर साइकिल के निबंधन शूल्क में भारी कटौती का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। कैबिनेट ने खेल विभाग के तहत चार सौ छियासठ अतिरिक्त पदों के सृजन को मंजूरी दी है। इनमें राजगीर खेल परिसर के लिए तैंतीस पद शामिल हैं। मंत्रिमंडल की बैठक में नगर निगम कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई है।

———————————————————————————

खाद्य और आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह को जेड श्रेणी की सुरक्षा की सुरक्षा प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही नव निर्वाचित लोकसभा सांसद देवेशचन्द्र ठाकुर और विवेक ठाकुर को वाई श्रेणी की सुरक्षा दिए जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक में आज वीआईपी लोगों की सुरक्षा आवश्यकताओं की समीक्षा के बाद ये निर्णय लिया गया।

———————————————————————————

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में राज्य के सरकारी अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टर की हड़ताल आज भी जारी है। पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस और प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पतालों में ओपीडी सेवा

प्रभावित है। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, केन्द्रीय अस्पतालों में डॉक्टरों की हड़ताल समाप्त होने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है। पटना एम्स में आज से ओपीडी सेवा सुचारू रूप से शुरू कर दी गई है। डॉक्टरों के ड्यूटी पर वापस आने से अस्पताल में अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी बहाल हो गई है।

———————————————————————————

राज्य के उत्तर–पश्चिम भागों के साथ ही कई पड़ोसी राज्यों में बारिश के कारण गंगा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना के दीघाघाट और हाथीदह में बढ़ रहा है। वहीं, सोन नदी पटना के मनेर में, घाघरा नदी सीवान के गंगपुर सिसवन और सारण के छपरा में, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में उफान पर है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से करीब दो मीटर ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी का जलस्तर भी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान के ऊपर बना हुआ है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से विभिन्न स्थानों पर तटबंधो पर दबाव बढ़ गया है।

———————————————————————————

गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से भागलपुर के सबौर, नाथनगर समेत अन्य स्थानों पर तटबंधों पर दबाव बढ़ गया है। इधर, इस्माइलपुर बिंदटोली तटबंध के टूटने के कारण विस्थापित हुए लोगों को सहायता मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण और कैमूर जिला के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आज पश्चिम चंपारण, किशनगंज, कैमुर, रोहतास और औरंगाबाद जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। वहीं, कटिहार, बांका, भागलपुर, बक्सर,

भोजपुर समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुंगेर पुलिस ने हथियार तस्करी गिरोह के ग्यारह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीताकुंड डीह के पास वाहन जाँच के दौरान एक महिला समेत दो लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक इमरान मसूद ने बताया कि आगे की पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने बरियारपुर थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव से गिरोह के सरगना समेत नौ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान भारी मात्रा में हथियार, अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के समान बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस सफल अभियान में शामिल पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की चौथे चरण की परीक्षा आज राज्यभर के पाँच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इस दौरान कुछ स्थानों पर कदाचार का प्रयास करते कुछ अभ्यर्थियों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन कुल छह चरणों में किया जा रहा है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरईबाग में नवनिर्मित शौचालय की शटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से चार मजदूरों की मौत हो गई। बाढ़ एसडीएम शुभम कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मौके से ऑक्सीजन युक्त एम्बूलेंस की मदद से मजदूरों को अस्पताल लाया गया जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि घटना की जाँच–पड़ताल की जा रही है।

---

सुपौल जिले के सरायगढ़ से रेलवे स्टेशन से देवघर के बीच चलाई जा रही श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि को बढ़ाकर बाईस सितम्बर तक कर दिया गया है।

---

पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज में खाहर नदी पर पुल की जर्जर स्थिति के विरूद्ध ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ये पुल नरकटियागंज और गौनाहा को जोड़ता है।

---

जुलाई माह में समय सीमा के भीतर नागरिकों को सेवा प्रदान करने के लिए बांका जिला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

---

मुंगेर जिले के हमजापुर थाना क्षेत्र के चांदटोला में गंगा नदी में स्नान के दौरान डूबने से एक ही परिवार के दो बच्चियों की मौत हो गई। वहीं, मधुबनी जिले के राजनगर थाना अंतर्गत गोढ़ियारी टोला में पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई।

---

कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर गांव में छापेमारी कर पुलिस ने एक अपराधी को देसी पिस्तौल और बड़ी संख्या में कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

---

01. उच्चतम न्यायालय के एससी एसटी आरक्षण में कोटा के फैसले के विरोध में बंद का राज्य में मिला–जुला असर दिखा। केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा–विरोध करने वाले लोग स्वार्थी है।

02. राज्यसभा उपचुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार मनन कुमार मिश्रा और उपेन्द्र कुशवाहा ने नामांकन पत्र भरा। दोनों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय।

03. मुंगेर पुलिस ने हथियार तस्कर गिरोह का किया उदभेदन। एक महिला समेत ग्यारह अपराधी गिरफ्तार।

04. और, गंगा, सोन, गंडक समेत विभिन्न नदियों के बढ़ते जलस्तर से तटबंधों पर दबाव बढ़ा। भागलपुर के इस्माईलपुर के बिंदटोली बांध टूटने से प्रभावित लोगों के लिए राहत कार्य जारी।

———————————————————————————

समाप्त